Further, pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended by the Companies (Management and Administration) Amendment Rules, 2015 and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and Secretarial Standards on General meetings ('SS-2') the Company is providing to the Members the facility to exercise their right to vote on the business as set forth in the AGM from a place other than the place of venue of AGM by electronic means. The Company has engaged services of Link Intime India Private Limited to provide remote e-voting facility.

The remote e-voting period commences on Friday, March 24, 2023 at 09:00 AM (IST) and shall end on Sunday, March 26, 2023 at 05:00 PM (IST). Members of the Company holding shares in physical or dematerialized form as on the cut-off date, being Monday, March 20, 2023 may cast their vote by remote e-voting or may vote at the AGM. The voting rights of the members shall be in proportion to their shares in the paid-up share capital of the Company as on cut-off date. A person whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the cut-off date shall be entitled to avail the facility of voting through remote e-voting or at the AGM. A person who is not a member on the cut-off date shall treat this Notice for information purposes only. The procedure of e-voting/attending AGM is given in the Notice of AGM.

Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as of the cut-off date i.e. Monday, March 20, 2023, may obtain the login ID and password by sending a request at swapann@linkintime.co.in or investor.services@educomp.com.

Further, the facility of e-voting will also be made available at the AGM and members attending the AGM, who have not cast their votes by remote e-voting shall be able to exercise their right at the AGM. Members who have already cast their votes through remote e-voting will be entitled to attend the AGM but shall not be entitled to vote again.

CS Jyoti Sharma (Membership No. FCS 8843; COP 10196) of M/s JVS & Associates, Company Secretaries has been appointed as the Scrutinizer to scrutinize the voting and remote e-voting process in a fair and transparent manner.

The Securities and Exchange Board of India (SEBI) vide its notification dated January 24, 2022 has mandated that all requests for transfer of securities including transmission and transposition requests shall be processed only in dematerialized form. In view of the same and to eliminate all risks associated with physical shares and avail various benefits of dematerialization. Members are advised to dematerialize the shares held by them in physical form. Members may contact the Company in this regard.


In case of any queries, members may contact to RTA at email: swapann@linkintime.co.in or on: - Tel: 022 –4918 6000 or to Resolution Professional, at email mkipeducomp@bdo.in or investor.services@educomp.com.

For **Educomp Solutions Limited**
(Under CIRP)
Sd/-
Mahender Khandelwal
Resolution Professional
Taken on record
IBBI Reg. No IBBI/IPA-001/IP-P00033/2016-17/10086

Date : March 2, 2023
Place : New Delhi

खबरों में रहे स्टॉक


ईकेआई एनर्जी सर्विसेज



डिजिटल कार्बन एमआरवी के लिए ब्रिटेन की इन्क्लुसिव एनर्जी के साथ समझौता

₹ 688.0 पिछला बंद भाव
₹ 693.0 आज का बंद भाव
0.7 % ▲


रेल विकास निगम



वंदे भारत ट्रेनसेट के निर्माण और रखरखाव के लिए लगाई सबसे कम बोली

₹ 58.5 पिछला बंद भाव
₹ 65.7 आज का बंद भाव
12.2 % ▲


रैमको सिस्टम्स



एतिहाद एयरवेज इंजीनियरिंग से ठेका हासिल किया

₹ 220.3 पिछला बंद भाव
₹ 235.7 आज का बंद भाव
7.0 % ▲


कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन



ऑस्ट्रेलिया में ट्रांसग्रिड की ह्यूमलिंक ट्रांसमिशन लाइन के लिए परियोजना हासिल की

₹ 546.7 पिछला बंद भाव
₹ 560.2 आज का बंद भाव
2.5 % ▲

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 70 एचटीटी-40 सामान्य प्रशिक्षण विमान खरीद को मंजूरी दी

₹ 2685.7 पिछला बंद भाव
₹ 2709.6 आज का बंद भाव
0.9 % ▲

संक्षेप में

दिवगी आईपीओ को दूसरे दिन 38 प्रतिशत अभिदान

वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी दिवगी टॉर्कट्रांसफर सिस्टम्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के दूसरे दिन गुरुवार को 38 प्रतिशत अभिदान मिला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ के तहत की गई 38,41,800 शेयरों की पेशकश पर 14,49,000 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशक (आरआईआई) के खंड को 1.56 गुना जबकि गैर-संस्थागत निवेशक श्रेणी में 22 प्रतिशत और पात्र संस्थागत खरीदार के मामले में छह प्रतिशत अभिदान मिला। आईपीओ के तहत 180 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए हैं। इसके अलावा 39,34,243 शेयरों की बिक्री पेशकश लाई गई है। *भाषा*

पोंजी योजना जैसा दिखता है निवेश का वीसी मॉडल : मूर्ति

शिवानी शिंदे
मुंबई, 2 मार्च

इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने उद्यम पूंजीपति समुदाय को उद्यमियों के बीच हर कीमत पर वृद्धि के पीछे दौड़ने वाली संस्कृति पैदा करने के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने यह भी कहा कि निवेश का वीसी मॉडल पोंजी योजना की तरह दिखता है।

मूर्ति ने कहा कि मैं उद्यम पूंजी कोष को जिम्मेदार ठहराऊंगा जिन्होंने इस सिद्धांत को प्रतिपादित किया कि केवल राजस्व महत्त्वपूर्ण होता है, न कि मुनाफा। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह गलत है। कई मायनों में यह किसी पोंजी योजना जैसा दिखता है। निवेशकों का कहना है कि वे सीरीज बी में हैं, फिर सीरीज सी में चले जाते हैं और लाभ के स्तर पर दूसरों को शेयर बेचते हैं, लेकिन सीरीज जेड का साथी किसी टिन के डिब्बे के साथ बचता है। इसलिए, मैं युवा लोगों का नहीं, बल्कि पुराने लोगों का आलोचक हूं, जिन्हें चीजों को जैसी हैं, वैसी ही कहने के लिए खुला और ईमानदार होना चाहिए। मूर्ति नैसकॉम टेक्नोलॉजी ऐंड लीडरशिप फोरम 2023 में एक अनौपचारिक बातचीत में संबोधित कर रहे थे।



मूर्ति एक दशक के अंतराल के बाद आईटी सेवा उद्योग के प्रमुख कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्नैपडील के सह-संस्थापक कुणाल बहल के साथ बातचीत में मूर्ति ने कहा कि यह वरिष्ठ लोगों की जिम्मेदारी है। स्टार्टअप और उद्यमियों के मामले में, जो वीसी उन्हें पैसा प्रदान करते हैं, विभिन्न सलाहकारों और निदेशक मंडल को युवाओं को बताना होगा कि वे 'विलंबित संतुष्टि स्वीकार करें' ताकि उन्हें यह महसूस हो कि छोटी और मध्य अवधि में बलिदान आपको समय के साथ बहुत अधिक प्रतिफल देगा। यह इन्फोसिस की कहानी रही है।

उद्यम पूंजी कोष को लक्ष्य बनाने वाली मूर्ति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारतीय स्टार्टअप व्यवस्था को रकम जुटाने की कवायद में नरमी का सामना करना पड़ रहा है और इसने कंपनियों को केवल वृद्धि पर ध्यान देने के बजाय लाभ पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया है। वर्ष 2021 में 40 अरब डॉलर से अधिक की रकम डालने वाले वीसी ने अपना निवेश कम कर दिया।

नैसकॉम फोरम

- एनआरएन मूर्ति ने कहा कि वीसी ने इस सिद्धांत को प्रतिपादित किया कि केवल राजस्व ही महत्त्वपूर्ण होता है, मुनाफा नहीं
- मूर्ति ने एक दशक के अंतराल के बाद आईटी सेवा उद्योग के प्रमुख कार्यक्रम को किया संबोधित
- मूर्ति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारतीय स्टार्टअप तंत्र को रकम जुटाने की कवायद में करना पड़ रहा है नरमी का सामना

बेतुके उत्साह से आई उद्योग में निराशा

सौरभ लेले और शिवानी शिंदे
मुंबई, 2 मार्च

वैश्विक महामारी के समय अभूतपूर्व स्थिति के कारण बेतुके उत्साह ने वित्त वर्ष 23 में भारतीय आईटी सेवा उद्योग के लिए निराशा पैदा की है, जबकि ग्राहकों की ओर से फैसला करने में देरी से अनिश्चितता बढ़ रही थी। नैसकॉम के चेयरमैन कृष्णन रामानुजम ने यह जानकारी दी।

भारतीय तकनीकी उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था नैसकॉम ने अपनी रिपोर्ट - रणनीतिक समीक्षा 2023 में कहा है कि भारतीय तकनीकी उद्योग इस वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध राजस्व में 19 अरब डॉलर की अनुमानित वृद्धि दर्ज कर सकता है, जबकि वित्त वर्ष 22 में यह 30 अरब डॉलर थी।

रामानुजम ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि वित्त वर्ष 23 में बहुत अधिक तर्कहीन उत्साह रहा और कंपनियों ने वास्तव में मान लिया की यह वर्ष जोरदार वर्ष रहने वाला है। यूक्रेन युद्ध हुआ और यह साल उतना शानदार नहीं रहा जैसा कि हम सभी को साल शुरू होने पर रहने की उम्मीद थी।

उन्होंने कहा 'मुझे नहीं लगता कि यह स्थिति उस उत्साहपूर्ण स्तर पर वापस जाने वाली है, जिसे हमने 12 महीने पहले देखा था। लेकिन मांग अब भी बेहतर है, अगर हम इसकी तुलना कोविड से पहले वाले स्तरों से करें। फिलहाल कुछ नरमी वाला परिदृश्य है। लेकिन मुझे लगता है कि जब मांग वापस आएगी, तो यह उचित प्रकृति की होगी।'

फैसला लेने में देरी, आर्थिक अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के साथ-साथ कुछ बाजारों में मांग में कमी इस क्षेत्र में प्रमुख बाधाएं बनने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी ओर कार्यकुशलता से संबंधित परियोजनाओं पर जोर दिया जा रहा था, जो भारतीय आईटी कंपनियों के लिए अच्छी खबर है।

रामानुजम ने कहा कि हम नैसकॉम की कई सदस्य कंपनियों से सुन रहे हैं कि काफी सावधानी (ग्राहकों की ओर से) बरती जा रही है। अधिकांश कारोबार अभी कोविड से संबंधित असर से उबर रहे हैं, चाहे आप खुदरा, होटल, विमान कंपनी की मिसाल लें या बैंकों की भी।

स्टार्टअप-कारोबारों के लिए बना रहे बुनियादी ढांचा : फडणवीस

शिवानी शिंदे
मुंबई, 2 मार्च

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस बात पर सहमति जताई है कि स्टार्टअपों को आकर्षित करने के लिहाज से राज्य बेंगलूरु से हार गया, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जो बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है, वह कारोबारों को दोबारा आकर्षित करने में सक्षम होगा। नैसकॉम टेक्नोलॉजी ऐंड लीडरशिप फोरम 2023 में उन्होंने कहा कि हम बेंगलूरु के हाथों काफी कुछ गंवा चुके हैं। इस बात से मैं सहमत हूं क्योंकि हमने बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं किया और कारोबारों को मुंबई में रखने के लिए यह बात व्यावहारिक नहीं थी तथा इसलिए वे बेंगलूरु और हैदराबाद चले गए। लेकिन अब हम मुंबई और राज्य में ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं कि हम उस स्थिति को वापस ला सकें।

चिप संकट से कार डिलिवरी पड़ी सुस्त

सोहिनी दास और शाइन जैकब
मुंबई/चेन्नई, 2 मार्च

लंबी प्रतीक्षा अवधि के कारण वाहन कंपनियों के पास ऑर्डर बुकिंग की भरमार दिख रही है। फरवरी तक 7 से 7.2 लाख वाहनों की ऑर्डर बुकिंग दिख रही है, जबकि कुछ मॉडलों के लिए प्रतीक्षा अवधि एक साल से भी अधिक है। मारुति सुजूकी ने अपने मझोले आकार के सिडैन मॉडल सियाज के 700 वाहनों का उत्पादन कर सकती है। फरवरी में उसने 792 सियाज की बिक्री जो सालाना आधार पर 58.5 फीसदी कम है।

मारुति सुजूकी के वरिष्ठ कार्याधिकारी (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'सियाज के उत्पादन को लेकर हमारी कुछ समस्याएं हैं। हम केवल 700 वाहनों का उत्पादन कर सकते हैं, जबकि इस मॉडल की खुदरा बिक्री काफी अधिक है।' उन्होंने कहा कि कंपनी मार्च के उत्पादन को लेकर स्पष्ट नहीं है। हालांकि, चिप की आपूर्ति को लेकर साप्ताहिक जानकारी दी जाती है। कुल 7 लाख वाहनों की बुकिंग में से मारुति सुजूकी को 3.69 लाख वाहनों की डिलिवरी करना बाकी है। वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (एमऐंडएम) के पास 2 लाख बुकिंग लंबित है, जबकि टाटा मोटर्स को 1-1.25 लाख वाहनों की डिलिवरी करना बाकी है।

सिंघानिया ने कहा कि चिप किल्लत बरकरार है इसलिए प्रीमियम मॉडलों की बुकिंग की भरमार हो गई है। उन्होंने कहा, 'जनवरी में वाहनों का रिकॉर्ड पंजीकरण हुआ।'

उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स सहित कुछ विनिर्माताओं ने चिप किल्लत की समस्या को सही तरीके से प्रबंधित किया। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक अश्विन पाटिल ने एक रिपोर्ट में कहा, 'कारों के लिए चिप की आपूर्ति समस्या बनी हुई है। हालांकि, टाटा मोटर्स ने इससे वैकल्पिक स्रोतों के जरिये इससे निपटने की कोशिश की।' टाटा मोटर्स ने इस बाबत जानकारी के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड द्वारा भेजे गए ई-मेल का कोई जवाब नहीं दिया।

लक्जरी कार विनिर्माताओं के लिए चुनौती कहीं अधिक बड़ी है। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी संतोष अय्यर ने कहा कि पुर्जों की अनुपलब्धता एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है, हालांकि हमने बाजार की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन में वृद्धि की है।

आरकैप के लिए दूसरे दौर की बोली मंजूर

देव चटर्जी
मंबई, 2 मार्च

राष्ट्रीय कंपनी कानून अपील पंचाट (एनसीएलएटी) ने आज दिवालिया वित्तीय सेवा फर्म रिलायंस कैपिटल के लिए बोली लगाने के एक और दौर की अनुमति प्रदान की। इस आदेश से भारतीय ऋणदाताओं को दो बोलीदाताओं - हिंदुजा समूह और अहमदाबाद के टॉरंट समूह से बेहतर प्रस्ताव प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

कानून क्षेत्र के एक सूत्र ने कहा कि टॉरंट समूह इस आदेश सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दे सकता है।

एनसीएलएटी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सीओसी की व्यावसायिक समझ सर्वोपरि है और इसलिए वह एनसीएलटी के आदेश को खारिज कर रहा है।

कंपनी के लिए 8,640 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ सबसे बड़े बोलीदाता के रूप में सामने आने के बाद टॉरंट ने दूसरे दौर की नीलामी को रोकने के लिए एनसीएलटी में अपील की थी। नीलामी बंद होने के बाद हिंदुजा ने



9,000 करोड़ रुपये की पेशकश की थी।

टोरेंट ने एनसीएलएटी में तर्क दिया कि आईबीसी का उद्देश्य अधिकतम मूल्य हासिल करने की आड़ में सीओसी द्वारा आयोजित लंबी बातचीत को रोकना और अवांछित बोलियों तथा मुकदमेबाजी के कारण होने वाली अनावश्यक देर को कम करना था।

दूसरी ओर रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं ने एनसीएलएटी के समक्ष कहा है कि सीओसी को कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में सबसे अच्छे मूल्य की तलाश से रोका जा रहा है और राष्ट्रीय कंपनी कानून पंचाट (एनसीएलटी) ने ऐसे स्तर पर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य किया है, जब हस्ताक्षरित योजनाओं को भी सीओसी के समक्ष विचार के लिए नहीं रखा गया था।

वृद्धि और राष्ट्र निर्माण के लिए पूंजी जरूरी : वेदांत

उद्योगपति अनिल अग्रवाल की वेदांत रिसोर्सेज लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि वृद्धि और राष्ट्र निर्माण के लिए पूंजी आवश्यक है और कंपनियां वृद्धि की संभावनाओं तथा कर्ज चुकाने की क्षमता को देखते हुए ऋण लेती हैं।

वेदांता ने सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर लिखा है कि कंपनी ने हमेशा समय पर कर्ज चुकाया है और उसमें कर्ज चुकाने की पूरी क्षमता है। कंपनी बार-बार निवेशकों को यह बता रही है कि उसका कर्ज प्रबंधन योग्य है। यह लेख उसी का हिस्सा है। वेदांत रिसोर्सेज ने कहा कि उसने मार्च, 2023 तक चुकाने वाले अपने सभी ऋणों को समय से पहले चुका दिया है। कंपनी पिछले 11 महीनों में दो अरब डॉलर दे चुकी है। इसके बाद भी कंपनी जून, 2023 में खत्म हो रही तिमाही में कोष की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त है।

कंपनी ने कहा कि पूंजी वृद्धि और राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है और कंपनियां वृद्धि की संभावनाओं तथा कर्ज चुकाने की क्षमता को देखते हुए ऋण लेती हैं। *भाषा*

आरबीआई ने एनबीएफसी से मांगा ब्योरा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबआई) ने मंगलवार को छद्म (शैडो) बैंकों द्वारा अदाणी समूह की कंपनियों को स्वीकृत और वितरित की गई कुल क्रेडिट सुविधाओं का ब्योरा मांगा। मांगा गया यह विस्तृत डेटा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबी एफसी) की कुल स्वीकृत सीमा और वर्ष 2022-23 (वित्त वर्ष 23) की तीसरी तिमाही में समूह की बकाया राशि, चौथी तिमाही तक मिलने वाली कुल अनुबंधात्मक राशि और कुल अनुबंधात्मक व्यय से संबंधित है।

1 अक्टूबर, 2022 को एनबीएफसी के संबंध में बड़े स्तर पर पर्यवेक्षण की शुरुआत के बाद उठाया जाने वाला और किसी बड़े समूह पर केंद्रित रहने वाला यह आरबीआई का पहला कदम है। यह स्वच्छता का ऐसा उपाय है, जो सुनिश्चित करता



है कि अदाणी ग्रुप के ऋण जोखिम की वजह से एनबीएफसी को तरलता की कोई चिंता नहीं है। बैंकों और अब एनबीएफसी से प्राप्त आंकड़ों से बैंकिंग क्षेत्र का विनियामक अदाणी समूह में अपनी विनियमित संस्थाओं के संपूर्ण ऋण जोखिम की पूरी तस्वीर हासिल करना चाहता है। केंद्रीय बैंक के पर्यवेक्षण विभाग द्वारा जारी नवीनतम पत्र में इसका महत्त्व नजर आया है, जब उसने एनबीएफसी को दिन (मंगलवार) के आखिर तक तक अदाणी समूह की कंपनियों के ऋण जोखिम के संबंध में आंकड़े जमा करने के लिए कहा था। बिजनेस स्टैंडर्ड ने भी यह पत्र देखा है।

एनबीएफसी से पिछले 10 दिनों में पर्यवेक्षण विभाग द्वारा मांगा गया यह डेटा का तीसरा भाग है। बड़े जोखिमों के संबंध में पहला ब्योरा 21 फरवरी को और शेयरों के बदले ऋण के संबंध में दूसरी बार ब्योरा 24 फरवरी को मांगा गया था।

एक प्रमुख एनबीएफसी के अधिकारी ने कहा कि एनबीएफसी के ऋण जोखिम के मामले में सामान्य रूप से उनमें जोखिम भरे कारोबार को उधार देने की प्रवृत्ति रहती है और क्रेडिट का मूल्य निर्धारण इस बात को दर्शाता है।

एक अन्य व्यक्ति ने अनुमान जताया है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल सर्विसेज और दीवान हाउसिंग फाइनैंस कॉरपोरेशन (जिसे अब पिरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस के रूप में जाना जाता है) प्रकरण के परिणामस्वरूप इन संस्थाओं पर अपनी निगरानी सुव्यवस्थित करने के बाद आरबीआई बार-बार एनबीएफसी के संबंध में जानकारी मांग रहा है।

एनबीएफसी के लिए विनियामक संरचना में अब उनके आकार, गतिविधि और दिखने वाले जोखिम के आधार पर चार स्तर शामिल होते हैं - आधार, मध्य और शीर्ष स्तर। आरबीआई ने कहा था कि आदर्श रूप में शीर्ष स्तर खाली रहने की उम्मीद है और इसे एनबीएफसी के शीर्ष स्तर के रूप में जाना जाएगा। शीर्ष वित्तीय उद्योग के सूत्रों ने कहा कि आरबीआई अपनी सभी विनियमित संस्थाओं, मुख्य रूप से बैंकों और एनबीएफसी का अदाणी समूह में कुल ऋण जोखिम का अंदाजा लगाना चाहता है। *बीएस*

Educomp™

एड्यूकॉम्प सॉल्यूशन्स लिमिटेड

CIN: L74999DL1994PLC061353

पंजी. कार्यालय : 1211, पद्मा टावर,–I-5, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008
फोन : 91–11–25755920, फैक्स : 91–1125766775
ई–मेल: investor.services@educomp.com, **वेबसाइट:** www.educomp.com

26वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 26वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) सोमवार, 27 मार्च, 2023 को पूर्वा. 11.30 बजे (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मोड (ओवीएएम) के माध्यम से) उक्त एजीएम के आयोजन की सूचना में विनिर्दिष्ट व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा सर्कुलर दिनांकित 08 अप्रैल, 2020 तथा 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 14 दिसम्बर 2021, 05 मई, 2022 और सर्कुर नंबर 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 के माध्यम से जारी जनरल सर्कुलर ('एमसीए सर्कुलर्स' के रूप में संदर्भित) तथा सेबी द्वारा जारी सर्कुलर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 5 जनवरी, 2013 के साथ पठित सेबी/एचओ/सीएफडी/ सीएमडी2/सीआईआर /पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/ सीएमडी2/सीआईआरआईपी/2021/11 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/ एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 (सामूहिक रूप से 'सर्कुलर्स' के रूप में संदर्भित) के अनुसरण में, कम्पनियों को वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन, एक उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी/ओवीएएम के माध्यम से करने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम वीसी/ओवीएएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एजीएम हेतु स्थल माना जाएगा। वीसी/ओवीएएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु अनुदेश एजीएम आयोजन की सूचना में वर्णित हैं।

कम्पनी ई–मेल, जिसमें एजीएम की सूचना लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से ई–मेल द्वारा उन सदस्यों को 1 मार्च, 2023 को भेज चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी'ज डिपॉजिटरीज अथवा कम्पनी के पास पंजीबद्ध हैं। एमसीए सर्कुलर्स के अनुरूप, एजीएम सूचना की भौतिक प्रतियां प्रेषित नहीं की जा रही हैं तथा एजीएम सूचना केवल ई–मेल द्वारा भेजी गई है।

सदस्यगण, जिनको सूचना प्राप्त नहीं हुई है, इसे कम्पनी की वेबसाइट www.educomp.com पर 'investors' सेक्शन से डाउनलोड कर सकते है अथवा उसकी सॉफ्टकॉपी उपरोक्त ई–मेल आईडी पर कम्पनी सचिव को एक लिखित अनुरोध भेजकर अथवा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। एजीएम की उपरोक्त सूचना नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट https://www.nseindia.com और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट https://www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है, जहां कम्पनी की प्रतिभूतियां सूचीबद्ध हैं।

जिन शेयरधारकों की ई–मेल आईडी'ज पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अपनी ई–मेल आईडी'ज पंजीकृत करने हेतु कम्पनी से investor.services@educomp.com पर अथवा एनएसडीएल/सीडीएसएल से (डीमैटीरियलाइज्ड शेयर्स के मामले में) अथवा लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ('आरटीए') से (भौतिक शेयर्स के मामले में) swapann@linkintime.co.in पर सम्पर्क करने तथा सभी शेयरधारकों द्वारा हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति, पैन कार्ड तथा पता प्रमाण की स्व–सत्यापित प्रतियों सहित भेजने का अनुरोध किया जाता है।

वीसी/ओवीएएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने संबंधी अनुदेश तथा रिमोट ई–वोटिंग में प्रतिभागिता अथवा एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का ढंग एजीएम आयोजन की सूचना में दिया गया है। भौतिक रूप में अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों के धारक ऐसे शेयरधारकों, जिनके द्वारा अपना ई–मेल पता कम्पनी अथवा संबंधित डीपी के पास पंजीकृत नहीं करवाया गया है, के लिए लॉगइन क्रेडेन्शियल्स के संबंध में अनुदेश भी सूचना में दिए गए हैं। वीसी/ओवीएएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग ले रहे सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अधीन गणपूर्ति के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों से अपने भौतिक शेयर अभौतिक (डीमैटीरियलाइज्ड) रूप में परिवर्तित करवाने और भौतिक शेयरों के साथ जुड़े सभी जोखिम समाप्त करने पर विचार करने का अनुरोध किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कम्पनीज (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, कम्पनीज (प्रबंधन और प्रशासन) संशोधन नियमावली, 2015 द्वारा संशोधित, के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों और सामान्य बैठकों के विषय में सचिवीय मानकों ('एसएस–2') के अनुसरण में, कम्पनी इसके सदस्यों को एजीएम की सूचना में उल्लेखित व्यवसाय के संबंध में एजीएम के स्थान से इतर किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। कम्पनी ने रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेवाएं अनुबंधित की हैं।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 24 मार्च, 2023 को प्रातः 09.00 बजे (आईएसटी) प्रारंभ होगी तथा रविवार, 26 मार्च, 2023 को सायं 05.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। कम्पनी के वे सदस्य, जो विच्छेदन तिथि सोमवार, 20 मार्च, 2023 को भौतिक अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर धारक हैं, अपने वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अथवा एजीएम में वोट डाल सकते हैं। सदस्यों के वोटिंग अधिकार विच्छेदन तिथि को कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे। वह व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में वोटिंग की सुविधा पाने का हकदार होगा। वह व्यक्ति जो विच्छेदन तिथि को सदस्य नहीं है, इस सूचना को जानकारी के निमित्त मात्र समझे। ई–वोटिंग/एजीएम में भाग लेने की प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

कोई व्यक्ति, जो सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि अर्थात सोमवार, 20 मार्च, 2023 को शेयरधारक है, swapann@linkintime.co.in अथवा investor.services@educomp.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

इसके अतिरिक्त, एजीएम में भी ई–वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजीएम में उपस्थित वे सदस्य, जिनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला गया है, एजीएम में अपने अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। वे सदस्य, जो रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट डाल चुके हैं, एजीएम में उपस्थित होने के हकदार होंगे, परंतु दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

मैसर्स जेवीएस ऐंड एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज के सीएस ज्योति शर्मा (सदस्यता सं. एफसीएस8843 ; सीओपी 10196) को वोटिंग तथा रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसकी अधिसूचना दिनांकित 24 जनवरी, 2022 के माध्यम से आदेश दिया है कि प्रतिभूतियों के अंतरण हेतु सभी अनुरोध, उनके ट्रांसमिशन एवं ट्रांसपोजीशन अनुरोधों सहित, केवल डिमैटीरियलाइज्ड रूप में प्रोसेस किए जाएंगे। उसको ध्यान में रखते हुए तथा भौतिक शेयरों के साथ जुड़े सभी जोखिम समाप्त करने तथा डिमैटीरियलाइजेशन के विभिन्न लाभ प्राप्त करने के लिए, सदस्यों को उनके द्वारा भौतिक रूप में धारित शेयर डिमैटीरियलाइज करवाने की सलाह दी जाती है। सदस्यगण इस संबंध में कम्पनी से सम्पर्क कर सकते हैं।

किसी संदेह की स्थिति में सदस्यगण आरटीए से ई–मेल : swapann@linkintime.co.in पर अथवा फोन नंबर 022–4918 6000 पर अथवा समाधान प्रोफेशनल से ई–मेल mkipeducomp@bdo.in पर अथवा investor.services@educomp.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते **एड्यूकॉम्प सॉल्यूशन्स लिमिटेड**
(सीआईआरपी के अधीन)
हस्ता./–
महेन्द्र खंडेलवाल
समाधान प्रोफेशनल
रेकार्डबद्ध किया गया
IBBI Reg. No IBBI/IPA-001/IP-P00033/2016-17/10086

तिथि : 2 मार्च, 2023
स्थान : नई दिल्ली

एडलवेइस हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Edelweiss
Ideas create, values protect

पंजीकृत कार्यालयः मेसर्स एडलवेइस हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड, कार्यालय स्थित एडलवेइस हाऊस, 5वाँ तल, टॉवर 3, विंग–बी, कोहिनूर सिटी मॉल, कोहिनूर सिटी, मुंबई–400070, महाराष्ट्र
शाखा कार्यालय पताः 3बी, प्रथम तल, राजेन्द्र पार्क पूसा रोड, नई दिल्ली–110005

निजी ट्रीटी के तहत अचल संपत्ति की बिक्री

प्रत्यामूत ऋणों की वसूली के लिए सरफासी अधिनियम, 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग और उक्त अधिनियम एवं नियमों के तहत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिए गए कब्जे के अनुसरण में अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री नोटिस। हमें निजी ट्रीटी बिक्री के तहत उक्त संपत्ति की खरीद हेतु राशि रु. 28,51,000/– (रुपये अठाईस लाख इक्यावन हजार मात्र) का ऑफर प्राप्त हुआ है। अतः प्राधिकृत अधिकारी ने निजी ट्रीटी के तहत यहाँ उल्लिखित प्रत्यामूत परिसंपत्ति की बिक्री का निर्णय किया है।

एतद्द्वारा सर्व साधारण और विशेषकर कर्जदार(ओं), सह–कर्जदार(ओं) और जमानती(ओं) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 व 9 के साथ पठित सरफासी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बकाया देयों की वसूली के लिए एडलवेइस हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड (यहाँ आगे 'ईएचएफएल' कहा गया है) के पक्ष में बंधक अधोलिखित संपत्ति की **"जहाँ है, जैसी है और जैसी है, जो है" और "कोई वापसी नहीं"** शर्त पर "निजी ट्रीटी" द्वारा बिक्री की जायेगी। आपके पास उक्त संपत्ति के लिए **राशि रु. 28,51,000/– (रुपये अठाईस लाख इक्यावन हजार मात्र) से बढ़कर कोई ऑफर होने की अवस्था में आप इसे प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के अंदर प्राधिकृत अधिकारी को जमा कर सकते हैं। यदि यहाँ बताए अनुसार हमें कोई ऑफर प्राप्त नहीं होता है** तो हम सरफासी अधिनियम, 2002 के संबंधित प्रावधानों के अनुसार निजी ट्रीटी बिक्री के तहत **राशि रु. 28,51,000/– (रुपये अठाईस लाख इक्यावन हजार मात्र) के उक्त ऑफर मूल्य के लिए कार्यवाही करेंगे।**

| क्र. स